Self Reliance in Telecommunication Field

1987. SHRI BHUVNESH CHATURVEDI: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what is the policy of self reliance in telecommunication and other related field; and

(b) what new steps are being taken towards the aim of achieving self reliance in this regard ?

THE MINISTER OF SURFACE TRANSPORT WITH ADDITIONAL CHARGE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI K. P. UNNIKRISHNAN): (a) The Government lays emphasis on self-reliance in Telecommunication and is supporting indigenous technology and indigenous manufacture of equipment.

(b) The steps being taken towards the aim of achieving self reliance are:

(i) Support to R&D units for development of indigenous technology.

(ii) Strengthening and expansion of production infrastructure in the country to meet the needs of telecom equipment from indigenous sources to the maximum extent.

(iii) Improvement and expansion of test facilities for component approval and Quality Assurance.

दिल्ली परिवहन निगम को बस सेवा का रद्द किया जाना

1988. डा. रत्नाकर पाण्डेय: क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कैलाश पुरी से सफदरजंग अस्पताल के लिए रूट संख्या 765 पर चलाई जाने वाली नई बस सेवा, जिसका दिल्ली परिवहन निगम द्वारा 3.2.90 को उद्घाटन तय किया गया था, को अचानक रद्द कर दिया गया था;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) जनता की मांग को देखते हुए उक्त रूट पर यह नयी बस सेवा कब से शुरू किये जाने का विचार है; और

(घ) यदि उपरोक्त (ग) का उत्तर "ना" है तो इसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्री, साथ में संचार मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार (श्री के० पी० उन्नीकृष्णन) : (क) जी, हां।

(ख) से (घ) दिल्ली परिवहन निगम ने सूचित किया है कि कैलाशपुरी के निवासियों की मांग पर कैलाशपुरी से सफदरजंग अस्पताल तक के लिए फरवरी, 1990 के महीने में एक नया रूट सं० 765 शुरु करने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। कैलाशपुरी वेलफेयर एसोसिएशन के सदस्य इस बात से सहमत थे कि कैलाशपुरी से कमपुरा टर्मिनल तक रूट सं० 807 पर चल रही एक बस को रूट सं० 765 पर चलाने के लिए वहां से हटा लिया जाएगा। लेकिन निवासियों से ऐसे अभ्यावेदन/शिकायतें प्राप्त होने पर कि रूट सं० 807 से कोई बस न हटाई जाए, कैलाशपुरी और सफदरजंग अस्पताल के बीच उसी बस को चलाने के लिये नये रूट सं. 765 को शुरू करने का प्रस्ताव दिल्ली परिवहन निगम के बेडे में अभाव के कारण स्थगित कर दिया गया।

भारत में चकमा शरणार्थियों की घुसपैठ का जारी रहना

1989. श्री राम नरेश यादव: क्या विदेश मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बांग्लादेश से चकमा आदिवासियों का अभी भी बड़ी संख्या में भारत आना जारी है ; और